# कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी

**फोन / फैक्स नम्बर 07578— 252074 Email id:-adh.pcm2015@gmail.com**

क्रमाँक / उद्यान / भडांर / निविदा / 2016—17 / 709 / पचमढ़ी, दिनाँक 08/11/16

## संक्षिप्त निविदा — सूचना

वर्ष 2016—17 के लिये कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी के उद्यानों हेतु गुलाब के विभिन्न प्रजातियों के पौधे एवं अन्य शोभायमान पौधे क्रय हेतु मुहरबंद निविदायें पंजीकृत नर्सरियों से दिनाँक 24.11.2016 को 12.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्रदायकर्त्ता स्वंय अथवा अपने प्रतिनिधि को भेजकर कार्यालयीन समय में रूपये 500 / — शुल्क जमा करके निविदा प्रपत्र एवं शर्ते प्राप्त कर मुहरबंद लिफाफे जमा कर सकता हैं अथवा विभाग की **बेवसाइट www.mphorticulture.gov.in** पर डाउनलोड कर सकते है परन्तु जमा करते समय रूपये 500 / — की रसीद लेना अनिवार्य है। दिनाँक 24.11.2016 को दोपहर बाद 12.30 बजे कार्यालयीन क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी। कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान)पचमढ़ी की क्रय समिति को किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार होगा। गुलाब के विभिन्न प्रजातियों के पौधे एवं अन्य शोभायमान पौधे की कीमत अनुमानित 1.50 लाख रूपये की क्रय हेतु निविदाकर्ता को धरोहर **राशि रूपये 10000.00 (दस हजार रूपये मात्र)** का बैंक ड्राफ्ट अथवा बैकर्स चेक सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान)पचमढ़ी के पक्ष में देय हो निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है नगद राशि मान्य नही की जावेगी। निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी के लिये कार्यालयीन समय में संपर्क करें। संयुक्त संचालक उद्यान पचमंढ़ी **07578—252643एवं** सहायक संचालक उद्यान (प्र.उ.) पचमढ़ी **07578—252074**

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान)पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**

पृ. क्रमाँक / उद्यान / भडांर / 2016—17 / 710 / पचमढ़ी, दिनाँक 08/11/16

प्रतिलिपी :—

1. आयुक्त सह संचालक, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी म.प्र. भोपाल की ओर भेजकर निवेदन है कि विभाग की वेवसाइट निविदा प्रपत्र एवं शर्ते डाउनलोड करने का कष्ट करें एवं संचालनालय से प्रतिनिधि भेजकर निविदा कार्यवाही सम्पन्न कराने की कृपा करें।
2. संयुक्त संचालक उद्यान प्रशिक्षण पचमढ़ी।
3. उद्यान अधीक्षक पचमढ़ी / मटकुली की ओर भेजकर लेख है कि अपने स्तर से भी इस संबंध में प्रचार प्रसार करें एवं कार्यवाही संपन्न करावें।
4. तहसीलदार / छावनी मंडल पचमढ़ी में नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. कार्यालयीन नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

संलग्न :— शर्ते

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान)पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**

## निविदा की शर्तें

1. प्रत्येक गुलाब एवं अन्य शोभायमान पौधों की दरें निविदा फार्म पर उनके समक्ष भरना होगा एवं सामग्री की जो दरें निविदा फार्म में भरी जावेगी वह पचमढ़ी तक पहुँचाने की एफ.ओ.आर. दरें 31/3/2017 तक प्रभावी रहेगी जिसमें कोई परिर्वतन मान्य नहीं होगा।
2. निविदा फार्म/शर्तें कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर सूचना पत्र में दर्शायी अवधि तक कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी से प्राप्त किये जा सकते हैं।
3. सीलबंद निविदाएं दिनांक 24/11/2016 को दोपहर बाद 12.00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। बाद में प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जावेगा।
4. निविदा में सामग्री के समक्ष दर्शाये अनुसार धरोहर राशि के बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी के पक्ष में देय हो निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। नगद, चैक के रूप में, राशि मान्य नहीं की जावेगी।
5. सफल निविदाकर्त्ताओं को छोड़कर शेष निविदाकर्त्ताओं की धरोहर राशि तत्काल वापस कर दी जावेगी।
6. सफल निविदाकर्त्ताओं की धरोहर राशि मानक स्तर की पौधे प्रदाय करने उपरांत एक माह बाद अथवा 31मार्च 2017 को वापस की जावेगी। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक की अवधि समाप्त होने के पूर्व नया या अवधि बढ़ाकर देना होगा।
7. प्रदाय सामग्री उच्च गुणवत्ता की एवं निर्धारित मापदण्ड अनुसार होना अनिवार्य है।
8. प्रदाय आदेश के 15 दिवस में सामग्री की पूर्ति करना अनिवार्य है।
9. प्रदाय आदेश अनुसार उद्यानों पर कार्यालयीन समय (प्रातः 8 से 12 बजे एवं दोपहर 2 बजे से 6 बजे) में पहुंचाकर उपलब्ध कराना होगा।
10. सामग्री समय से प्रदाय न करने, गुणवत्ता अनुसार सामग्री न होने एवं मांग अनुसार पूर्ति न करने पर निविदा निरस्त कर धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
11. दिनांक 24/11/2016 को ही दोपहर बाद 12.30 बजे क्रय समिति एवं उपस्थित निविदाकर्त्ताओं के समक्ष प्राप्त निविदाएं खोली जावेंगी।
12. सामग्री बिल पर प्रदाय करना होगी।
13. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम निर्णय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी के पास सुरक्षित रहेगा।
14. किसी भी तरह का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में अंतिम निर्णय सहायक संचालक उद्यान पचमढ़ी का मान्य होगा।
15. शासन के निर्देशानुसार सामग्री पर देय वेट टैक्स संबंधी कार्यवाही उपरांत भुगतान किया जावेगा।
16. प्रत्येक निविदाकर्त्ता का टिन नंबर होना अनिवार्य है जिसकी छायाप्रति निविदा फार्म के साथ संलग्न की जावे।
17. निविदा फार्म में उल्लेखित सामग्री की मात्रा कम/अधिक हो सकती है।
18. म.प्र.शासन वाणिज्य कर विभाग द्वारा जारी रजिस्ट्रकृत प्रमाण पत्र प्रारूप–7 की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। जिसमें पंजीकृत सामग्री का स्पष्ट उल्लेख हो।

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**

# कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी

**फोन/फैक्स नम्बर 07578– 252074 Email id:-adh.pcm2015@gmail.com**

क्रमाँक/उद्यान/भडांर/निविदा/2016–17/ 707 /पचमढ़ी, दिनाँक 8/11/2016

प्रति,

**आयुक्त,**
**जन संपर्क संचालनालय (विज्ञापन)**
**बाण गंगा रोड़ भोपाल (म0प्र0)**

विषय :– गुलाब के विभिन्न प्रजातियों पौधे एवं अन्य शोभायमान पौधे हेतु निविदा आमंत्रण करने बावत।

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि, इस कार्यालय के अधीन मुख्य उद्यान पचमढ़ी में गुलाब पौधे एवं अन्य शोभायमान पौधे हेतु सील बंद निविदाएं दिनाँक 24/11/2016 को सांय 12.00 बजे तक इस कार्यालय में आमंत्रित की गई हैं। जिसका प्रकाशन दैनिक भास्कर एवं अन्य समाचार पत्रों में किया जाना है।

प्रकाशन हेतु सूचना पत्र की छैः प्रतियाँ पत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत है। कृपया प्रकाशित करने की कृपा करें।

संलग्न :– छैः प्रतियाँ

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान)पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**

पृ. क्रमांक/उद्यान/भडांर/निविदा/2016–17/ 708 /पचमढ़ी, दिनांक 8/11/16

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त सह संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी म0प्र0 भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. संयुक्त संचालक उद्यान (प्रशिक्षण) पचमढ़ी की ओर सूचनार्थ।
3. उद्यान अधीक्षक पचमढ़ी।

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान)पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**

# कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत

## गुलाब एवं शोभायमान पौधे पोलीथीन थैली में साईज सहित,दरें

| क्र. | | नाम पौध/किस्म | मात्रा | F.O.R. दर प्रति पौधा | पोलीथीन साईज | पौधे की साईज |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **गुलाब बडेड** | | | | | |
| | 1 | हाईब्रिड टी गुलाब | 1500 | | 6"x8" | 1½ से 2½ फुट |
| | 2 | फ्लोरीबन्डा | 400 | | 6"x8" | 1½ से 2½ फुट |
| | 3 | पोलीएन्था | 250 | | 6"x8" | 1½ से 2½ फुट |
| | 4 | मिनीएचर | 250 | | 6"x8" | 1½ से 2½ फुट |
| 2 | **झॉड़िया** | | | | | |
| | 1 | गोल्डन सायप्रस | 40 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 2 | बोगनविलिया | 120 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 3 | मोरपंखी | 150 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 4 | जूनीपर्स | 150 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 5 | एक्जोरा | 30 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 6 | एलमन्डा | 50 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 7 | पनसीटिया | 30 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| 3 | **अन्य पौधे** | | | | | |
| | 1 | गुलवकावली | 250 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 2 | गुलदावदी | 500 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 3 | डहेलिया | 500 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 4 | एन्थूरियम | 50 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 5 | डिफनबेकिया | 50 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 6 | एग्लोनिमा | 50 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 7 | ड्रेसिना | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 8 | मोरेन्टा | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 9 | केलेडियम | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 10 | लोलिना | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 11 | बिगोनिया | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 12 | एलपीनिया | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 13 | पनसीटिया फयरवाल | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 14 | लीलियम | 50 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 15 | एडीनम | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 16 | क्रीपर्स | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 17 | केनपाम | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 18 | बनानापाम | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | 19 | कन्टियापाम | 20 | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |
| | | योग :– | | | 7"x9" | 1½ से 2½ फुट |

**नोट :–प्रत्येक पौधे में प्रजातिवार टेग होना आवश्यक है।**

सहायक संचालक उद्यान,
(प्रमुख उद्यान)पचमढ़ी
जिला होशंगाबाद